# DR. BABASAHEB AMBEDKAR MARATHWADA UNIVERSITY, CHHATRAPATI SAMBHAJINAGAR.

## Circular / Syll. Sec./HF/ UG IInd Yr./Curriculum/ 2025.

It is hereby inform to all concerned that, on the recommendation of Board of Deans; **the Academic Council at it's Meeting held on 09th May, 2025 has been accepted the** *"Following Subject wise Curriculum of UG level under the faculty of Humanities as per Guidelines of NEP & University Norms"* for implemented in the all affiliated colleges.

| Sr. No. | Name of the UG Curriculum | Semester |
|---|---|---|
| 01. | Marathi | IIIrd & IVth |
| 02. | Hindi | IIIrd & IVth |
| 03. | English | IIIrd & IVth |
| 04. | Urdu | IIIrd & IVth |
| 05. | Pali & Buddhism | IIIrd & IVth |
| 06. | Arabic | IIIrd & IVth |
| 07. | Sanskrit | IIIrd & IVth |
| 08. | Political Sciecne | IIIrd & IVth |
| 09. | Public Administration | IIIrd & IVth |
| 10. | Economics | IIIrd & IVth |
| 11. | History | IIIrd & IVth |
| 12. | Sociology with First Year minor changes | IIIrd & IVth & IInd |
| 13. | Geography with First Year minor changes | IIIrd & IVth & Ist & IInd |
| 14. | Psychology with First Year minor changes | IIIrd & IVth & Ist & IInd |
| 15. | Thoughts of Mahatma Phule & Dr. B. R. Ambedkar | IIIrd & IVth |
| 16. | Islamic Studies | IIIrd & IVth |
| 17. | Military Science | IIIrd & IVth |
| 18. | Philosophy | IIIrd & IVth |

**This is effective from the Academic Year 2025-26 and Onwards as per appended herewith.**

All concerned are requested to note the contents of this circular and bring notice to the students, teachers and staff for their information and necessary action.

University campus,
Chhatrapati Sambhajinagar-431 004.
Ref. No. SU/ UG/Curriculum/NEP Norms/2025/ 843

Date: 29/ 05/ 2025.

**Deputy Registrar,**
**[Syllabus]**

*******

**Copy forwarded with necessary action to:-**

1] **The Principal, all concerned affiliated colleges,** Dr. Babasaheb Ambedkar Marathwada University, Chhatrapati Sambhajinagar.

2] **The Director,** University Network & Information Centre, UNIC, with **a request to upload this Circular on University Website.**

3] **The Director, Board of Examinations & Evaluation,** Dr. Babasaheb Ambedkar Marathwada University, Chhatrapati Sambhajinagar.

-=**=-

DrK*280525/-

# DR. BABASAHEB AMBEDKAR MARATHWADA UNIVERSITY,

# CHHATRAPATI SAMBHAJINAGAR

**3 Years B. A. / B.Com. / B.Sc.**

**4 Year B. A. / B.Com. / B.Sc.**

**(Hons. with Research) Degree Programme**

## Second Year
## Course Structure

**Subject : Hindi**

**(Effective from 2025-2026)**

प्रो.अपर्णा पाटील
अध्यक्ष, हिंदी अध्ययन मंडल,
डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय
छत्रपति संभाजीनगर

**AS PER NEP 2020**

## Illustrative Credit distribution structure for three/ four-year Honours/ Honours with Research Degree Programme with Multiple Entry and Exit options

**(Discipline Specific in Hindi)**

**Class: B. A. / B.Com. / B.Sc. Second Year**

**Semester : Third Semester & Fourth Semester**

**Subject: Hindi**

### Third Semester

| Sr. No. | Specification/ type of Papers | Paper | Credits | Total Credits/ Semester |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Major Mandatory | DSC - 7 मध्ययुगीन हिंदी कविता | 2T+ 2P = 4 | 4T+ 4P =8 |
| | | DSC - 8 उपन्यास साहित्य | 2T+ 2P = 4 | |
| 2 | Major Elective | -- | -- | -- |
| 3 | Minor | Mn - 1 हिंदी फिल्मी गीत अध्ययन | 2 | 4 |
| | | Mn - 2 साहित्य विविधा | 2 | |
| 4 | Generic/ Open Elective | GE/OE-3 (Choose any one from Pool /Basket) हिंदी व्यंग्य साहित्य | 2 | 2 |
| 5 | Vocational Skill Course | VSC -2 (Choose any one from Pool /Basket) अनुवाद स्वरूप और प्रक्रिया | 1T+1P =2 | 2 |
| 6 | Skill Enhancement Course | -- | -- | -- |
| 7 | Ability Enhancement Course | AEC | 2 | 4 |
| 8 | Value Education Course | VEC -1 | 2 | |
| 9 | Indian Knowledge System | -- | -- | |
| 10 | On Job Training | -- | -- | 2 |
| 11 | Field Project | -- | -- | |
| 12 | Community Engagement Project | -- | -- | |
| 13 | Co-curricular Course | CC - 3 | 2 | |
| 14 | Research Project | -- | -- | |
| Cum. Cr./ Semester | | -- | 22 | 22 |
| Cum. Cr./Year | | -- | -- | -- |
| **Exit option**: Award of UG Certificate in Major with **44 credits** and an additional 4 credits core NSQF course/ Internship OR Continue with Major and Minor | | | | |



प्रो.अपर्णा पाटील
अध्यक्ष, हिंदी अध्ययन मंडल,
डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय
छत्रपति संभाजीनगर

## Fourth Semester

| Sr. No. | Specification/ type of Papers | Paper | Credits | Total Credits/ Semester |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Major Mandatory | DSC - 9 आधुनिक हिंदी कविता | 2T+2P= 4 | 4T+4P=8 |
| | | DSC - 10 कथेत्तर गद्य साहित्य | 2T+2P= 4 | |
| 2 | Major Elective | -- | -- | -- |
| 3 | Minor | Mn - 3 हिंदी मंचीय कविता | 2 | 4 |
| | | Mn – 4 भारतीय कहानी साहित्य | 2 | |
| 4 | Generic/ Open Elective | GE/OE-4 (Choose any one from Pool /Basket)<br>हिंदी गजल साहित्य | 2 | 2 |
| 5 | Vocational Skill Course | -- | -- | -- |
| 6 | Skill Enhancement Course | SEC -2 (Choose any one from Pool /Basket)<br>फीचर लेखन | 1T+1P =2 | 2 |
| 7 | Ability Enhancement Course | AEC - 4<br>हिंदी भाषा : सम्प्रेषण कौशल | 2 | |
| 8 | Value Education Course | -- | -- | 2 |
| 9 | Indian Knowledge System | -- | -- | |
| 10 | On Job Training | -- | -- | |
| 11 | Field Project | -- | -- | |
| 12 | Community Engagement Project | FP - 1 | 2 | 4 |
| 13 | Co-curricular Course | CC - 4 | 2 | |
| 14 | Research Project | -- | -- | |
| Cum. Cr./ Semester | | -- | 22 | 22 |
| Cum. Cr./Year | | -- | -- | 44 |

**Exit option**: Award of UG Certificate in Major with **44 credits** and an additional 4 credits core NSQF course/ Internship OR Continue with Major and Minor

**Note**: Papers highlighted in red colour are multiple choices

प्रो.अपर्णा पाटील
अध्यक्ष, हिंदी अध्ययन मंडल,
डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय
छत्रपति संभाजीनगर

**डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय,छत्रपति संभाजीनगर**

**(Major-Hindi-Mandatory) Level - 5**

**DSC –7 तृतीय सत्र**

**मध्ययुगीन हिंदी कविता**

श्रेयांक – 4 (सैद्धांतिक- 2, क्रियात्मक गतिविधि - 2)

अंक – 100 (30+20+30+20)

तासिका 30+60=90

---

**पाठ्यक्रम का उद्देश्य :**

- मध्यकालीन हिंदी काव्यधारा की ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को समझना।
- भक्तिकाव्य,रीतिकाव्य और निर्गुण-सगुण भक्ति धारा के अंतर और प्रभाव को समझना।
- प्रमुख कवियों के चयनित पाठों के माध्यम से भाव,भाषा,शैली और काव्य सौंदर्य का विश्लेषण करना।
- मध्यकालीन सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को समझना।

**पाठ्यक्रम के परिणाम (Course Learning Outcomes)**

- छात्र मध्ययुगीन भारतीय संत साहित्य से परिचित होंगे।
- छात्र मध्ययुगीन भक्ति परंपरा के विकास क्रम को समझेंगे।
- छात्र मध्ययुगीन साहित्य के अध्ययन से सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक प्रवृत्तियों को समझेंगे।
- मध्ययुगीन साहित्य के अध्ययन से छात्रों में सामाजिक तथा राष्ट्रीयता का भाव निर्माण होगा।

**अध्ययन अध्यापन पद्धति :**

- व्याख्यान पद्धति।
- दृक-श्राव्य माध्यमों का प्रयोग (टेलीविजन,यूट्यूब,मोबाईल।
- स्वाध्याय।
- अध्ययन यात्रा।

**पाठ्यक्रम :**

| इकाई | पाठ्यांश | श्रेयांक | तासिकाएं |
|---|---|---|---|
| इकाई -1 | **मध्ययुगीन हिंदी काव्य का परिचय**<br>• हिंदी साहित्य का काल विभाजन और मध्यकाल की पृष्ठभूमि<br>• मध्यकाल की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पृष्ठभूमि<br>• भक्ति आंदोलन और उसका साहित्य पर प्रभाव<br>• भक्तिकाव्य और रीतिकाव्य की विशेषताएँ<br>**कबीरदास**<br>• कबीरदास : व्यक्तित्व और कृतित्व<br>• कबीर की रचनाएँ और काव्य की विशेषताएँ<br>• चयनित रचनाएँ<br>• भक्ति भावना के दोहे – 1,2,3<br>• गुरु महत्ता के दोहे – 4,5,6<br>**मालिक मुहम्मद जायसी**<br>• मालिक मुहम्मद जायसी : व्यक्तित्व और कृतित्व | 1 | 15 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • मालिक मुहम्मद जायसी की रचनाएँ और काव्यगत विशेषताएँ<br>• चयनित रचनाएँ<br>• वियोग वर्णन के पद : पद क्र. – 1,2 | | |
| इकाई - 2 | **सूरदास**<br>• सूरदास : व्यक्तित्व और कृतित्व<br>• सूरदास की रचनाएँ और काव्यगत विशेषताएँ<br>• चयनित रचनाएँ<br>• वात्सल्य वर्णन के पद : पद क्र. – 1,2<br>• विरह वर्णन के पद : पद क्र. – 3,4<br>**तुलसीदास**<br>• तुलसीदास : व्यक्तित्व और कृतित्व<br>• तुलसीदास की रचनाएँ और काव्यगत विशेषताएँ<br>• चयनित रचनाएँ<br>• भक्ति भावना के पद : पद क्र. – 1,2<br>• सामाजिक चेतना के पद :पद क्र.– 3,4<br>**बिहारी**<br>• बिहारी : व्यक्तित्व और कृतित्व<br>• बिहारी की रचनाएँ और काव्यगत विशेषताएँ<br>• चयनित रचनाएँ<br>• शृंगार वर्णन के दोहे क्र. – 1,2,3<br>• विरह वर्णन के दोहे क्र. – 4,5,6 | 1 | 15 |
| इकाई - 3 | **क्रियात्मक गतिविधि : (Practical Activite)**<br>• छात्रों को कबीर,सूर,तुलसी और जायसी आदि के दोहों का तथा पदों का वाचन करवाया जा सकता है।<br>• छात्रों को कबीर,सूर,तुलसी और जायसी आदि के दोहों का तथा पदों का गायन कराया जा सकता है।<br>• किसी अन्य गायक द्वारा गाए हुए पदों को कक्षा में प्रस्तुत किया जा सकता है।प्रयोग के तौर पर छात्रों से दोहों का लेखन कार्य करवाया जा सकता है। | 1 | 15X2=30 |
| इकाई - 4 | **क्रियात्मक गतिविधि : (Practical Activite)**<br>• क्षेत्रीय संतों की जानकारी प्राप्त कराई जा सकती है।<br>• भक्तिकालीन काव्य के माध्यम से काव्य वाचन,लेखन,प्रस्तुतीकरण की कार्यशालाओं का आयोजन किया जा सकता है।<br>• दोहा तथा पद लिखने वाले कवियों का साक्षात्कार लिया जा सकता है। | 1 | 15X2=30 |
| | **छात्र मूल्यांकन**<br>सत्रांत पठित पाठ्यक्रम के आधार पर विविध गतिविधियों के माध्यम से छात्र की प्रस्तुति,सोंच और मौलिकता को प्रमुखता देकर विशेषज्ञ परीक्षक के द्वारा अंक दिए जाए।<br>• समीक्षा प्रस्तुति (लिखित/ऑडियो/वीडियो इनमें से एक) मध्ययुगीन संतों का जीवन और कार्य,दोहों और पदों का सारांश,विषयवस्तु का विश्लेषण,लेखकीय भाषा शैली,छात्र के अपने निष्कर्ष 1200–1500 शब्दों में | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • दृश्य लेखन एवं मंचन मध्ययुगीन संतों के जीवन और कार्य पर लेखन करवाए तथा उनका मंचन या वाचन कराए। <br>• साहित्यिक पोस्टर/कोलाज <br>सम्बंधित विषय सूत्र के आधार पर साहित्यिक पोस्टर/कोलाज बनाकर उसकी व्याख्या करें। <br>• मौखिक प्रस्तुति एवं दृश्य विश्लेषण <br>छात्रों को 3–5 मिनट में मध्ययुगीन संतों के जीवन और कार्य के एक पहलू को प्रस्तुत करना होगा। <br>निर्धारित आवश्यक श्रेयांक प्राप्त करने के लिए छात्र को उपरोक्त विषय बिन्दुओं में से किसी एक गतिविधि को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। | | |

**परिशिष्ट :** पाठ्यक्रम के पद एवं दोहे परिशिष्ट में समाहित है।

**संदर्भ ग्रंथ :**


1. कबीर ग्रंथावली,संपा.श्यामसुंदर दास,इंडियन प्रेस लिमिटेड,प्रयाग
2. सूरसागर,संपा.डॉ. धीरेंद्र वर्मा,साहित्य भवन लिमिटेड,इलाहाबाद
3. गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस,योगेंद्र प्रताप सिंह,लोकभारती प्रकाशन,इलाहाबाद
4. पद्मावत,संपा.आचार्य रामचंद्र शुक्ल,लोक भारती प्रकाशन,इलाहाबाद
5. बिहारी और उनका काव्य,हरवंशलाल शर्मा,भारत प्रकाशन मंडल,अलिगढ
6. भक्तिकाव्य यात्रा,डॉ.रामस्वरूप चतुर्वेदी,लोक भारती प्रकाशन,इलाहाबाद
7. कबीर,सूर,तुलसी: डॉ.योगेंद्र प्रताप सिंह,लोक भारती प्रकाशन,इलाहाबाद
8. सूरदास,आ. रामचंद्र शुक्ल,वाणी प्रकाशन,नई दिल्ली
9. तुलसीदास,डॉ.रामचंद्र तिवारी,वाणी प्रकाशन,नई दिल्ली



प्रो.अपर्णा पाटील
अध्यक्ष, हिंदी अध्ययन मंडल,
डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय
छत्रपति संभाजीनगर

# परिशिष्ट

## मध्ययुगीन काव्य : दोहे एवं पद

**कबीर के दोहे : भक्ति भावना**

**दोहे क्र. – 1**

भाव बिना नहिं भक्ति जग, भक्ति बिना नहीं भाव।
भक्ति भाव एक रूप हैं, दोऊ एक सुभाव।।

**दोहे क्र. – 2**

कामी क्रोधी लालची, इनसे भक्ति न होय।
भक्ति करे कोई सुरमा, जाति बरन कुल खोय।।

**दोहे क्र. – 3**

मेरा मुझ में कुछ नहीं,जो कुछ है सो तेरा।
तेरा तुझकौं सौंपता,क्या लागै है मेरा॥

**गुरु की महत्ता**

**दोहे क्र. – 4**

सतगुरु की महिमा अनँत,अनँत किया उपकार।
लोचन अनँत उघाड़िया,अनँत दिखावण हार।।

**दोहे क्र. – 5**

कबीर गुर गरवा मिल्या,रलि गया आटै लूण।
जाति पाँति कुल सब मिटे,नाँव धरौगे कौंण।।

**दोहे क्र. – 6**

गूंगा हुवा बावला,बहरा हुआ कान।
पाऊँ मैं पंगुल भया,सतगुर मार्या बाण।।

**मालिक मुहम्मद जायसी : वियोग वर्णन के पद**

**पद क्र. - 1**

नागमती चितउर पंथ हेरा। पिउ जो गए फिरि कीन्ह न फेरा।
नागरि नारि काहूँ बस परा। तेइँ बिमोहि मोसौं चितु हरा॥
सुवा काल होइ लै गा पीऊ। पिउ नहिं लेत लेत बरु जीऊ।
भएउ नरायन बावन करा। राज करत बलि राजा छरा॥
करन बान लीन्हेउ कै छंदू। भारथ भएउ झिलमिल आनंदू।
मानत भोग गोपीचँद भोगी। लै उपसवा जलंधर जोगी॥
लै कान्हहि भा अकरुर अलोपी। कठिन बिछोउ जिऐ किमि गोपी।
सारस जोरी किमि हरी मारि गएउ किन खग्गि।
झुरि झुरि पाँजरि धनि भई बिरह कै लागी अग्गि॥

**पद क्र. - 2**

पिय सौं कहेहु सँदेसड़ा, ऐ भँवरा ऐ काग।
सो धनि बिरहें जरि मुई, तेहिक धुआँ हम लाग।
रकत ढरा माँसू गरा, हाड़ भए सब संख।

धनि सारस होइ ररि मुई, आइ समेटहु पंख।।
तुम्ह बिनु कंता धनि हरुई, तन तिनुवर भा डोल।
तेहि पर बिरह जराई कै, चहै उड़ावा झोल।।
यह तन जारौं छार कै, कहौं कि पवन उड़ाउ।
मकु तेहि मारग होइ परौं,कंतधरैं जहँ पाउ।

**सूरदास के पद : वात्सल्य वर्णन**

**पद क्र. – 1**

मैया मैं नहि माखन खायो।
भोर भयो गैयन के पाछे, मधुबन मोहि पठायो।
चार पहर बंसीवट भटक्यो,साँझ परे घर आयो॥
मैं बालक बहियन को छोटो,छीको केहि बिधि पायो।
ग्वाल–बाल सब बैर परे हैं, बरबस मुख लपटायो॥
तू माता मन की अति भोरी,इनके कहे पतियायो।
जिय तेरे कछु भेद उपजि हैं, जानि परायो जायो॥
ये लै अपनी लकुटि कमरिया,बहुतहिं नाच नचायो।
सूरदास तब बिहँसि जसोदा,लै उर कंठ लगायो॥

**पद क्र. – 2**

किलकत कान्ह घुटुरुवनि आवत।
मनिमय कनक नंद कै आँगन,बिंब पकरिबैं धावत ॥
कबहुँ निरखि हरि आपु छाहँ कौं,कर सौं पकरन चाहत।
किलकि हँसत राजत द्वै दतियाँ,पुनि–पुनि तिहिं अवगाहत॥
कनक–भूमि पद कर–पग–छाया,यह उपमा इक राजति।
करि–करि प्रतिपद प्रति मनि बसुधा,कमल बैठकी साजति॥
बाल–दसा–सुख निरखि जसोदा,पुनि–पुनि नंद बुलावति।
अँचरा तर लै ढाँकि,सूर के प्रभु कौं दूध पियावति॥

**विरह वर्णन**

**पद क्र. – 3**

गोकुल सबै गोपाल–उपासी।
जोग–अंग साधत जे ऊधो ते सब बसत ईसपुर कासी॥
यद्यपि हरि हम तजि अनाथ करि तदपि रहति चरननि रसरासी
अपनी सीतलताहि न छाँड़त यद्यपि है ससि राहु–गरासी।
का अपराध जोग लिखि पठवत प्रेमभजन तजि करत उदासी
सूरदास ऐसी को बिरहिन माँगति मुक्ति तजे गुनरासी?॥

**पद क्र. – 4**

उधौ मन ना भए दस बीस।
एक हुतौ सौ गयौ स्याम संग,को आराधे ईस।।
इंद्री सिथिल भई केसव बिनु,ज्यौं देही बिनु सीस।
आसा लागि रहित तन स्वासा,जीवहिं कोटि बरीस।
तुम तौ सखा स्याम सुंदर के,सकल जोग के ईस।
सूर हमारै नंद–नंदन बिनु,और नहीं जगदीस॥

**तुलसीदास के पद : भक्ति भावना**

**पद क्र. – 1**

राम नाम जपु जिय सदा सानुराग रे।
कलि न विराग जोग जाग तप त्याग रे॥
सब सुमिरत सब विधि ही को राज रे।
राम को बिसारिबो निषेध सिरताज रे॥
राम नाम महामनि फनि जग जाल रे।
मनि लिए फनि जियै व्याकुल विहाल रे॥
राम नाम कामतरु देत फलचारि रे।
कहत पुरान वेद पंडित पुरारि रे॥
राम नाम प्रेम परमारथ को सार रे।
राम नाम तुलसी को जीवन अधार रे॥

**पद क्र. – 2**

मेरो भलो कियो राम आपनी भलाई।
हौं तो साईं –द्रोही पै सेवक –हित साईं॥
रामसों बड़ो है कौन,मोसों कौन छोटो।
राम सो खरो है कौन,मोसों कौन खोटो॥
लोक कहै रामको गुलाम हौं कहावौं।
एतो बड़ो अपराध भौ न मन बावौं॥
पाथ माथे चढ़े तृन तुलसी ज्यों नीचो।
बोरत न बारि ताहि जानि आपु सींचो॥

**सामाजिक चेतना**

**पद क्र. – 3**

किसबी,किसान-कुल बनिक,भिखारी,भाट,
चाकर,चपल नट,चोर,चार,चेटकी।
पेट को पढ़त,गुन गढ़त,चढ़त गिरि,
अटत गहन–गन अहन अखेट की॥
ऊचे-नीचे करम,धरम–अधरम करि,
पेट ही को पचत,बेचत बेटा –बेटकी।
तुलसी बुझाइ एक राम घनश्याम ही तें,
आगि बड़वागितें बड़ी है आगि पेट की॥

**पद क्र. – 4**

खेती न किसान को,भिखारी को न भीख,बलि,
बनिक को बनिज,न चाकर को चाकरी।
जीविका विहीन लोग,सिद्यमान सोच बस,
कहैं एक एकन सों,कहाँ जाई,का करि?
वेदहूँ पुरान कही,लोकहूँ विलोकिअत,
साँकरे सबैं पै,राम रावरे कृपा करी।
दारिद –दसानन दबाई दुनी,दीनबंधु !
दुरित–दहन देखि तुलसी हहा करी॥

**बिहारी के दोहे : शृंगार वर्णन**

**दोहे क्र. – 1**

कहत,नटत,रीझत,खिझत,मिलत,खिलत,लजियात

भरे भौन मैं करेत हैं नैननु ही सब बात॥

**दोहे क्र. – 2**
तो पर वारौं उरबसी,सुनि,राधिके सुजान।
तू मोहन कैं उर बसी,है उरबसी–समान॥

**दोहे क्र. – 3**
सोनजुही सी जगमगति,अँग–अँग जोबन–जोति।
सु–रंग,कसूँभी कंचुकी,दुरँग देह–दुति होति॥

**विरह बर्णन दोहे**
**दोहे क्र. – 4**
इति आवति चलि जात उत,चली छसातक हाथ।
चढ़ि हिंडोरे सी रहै,गी उसासन हाथ।।

**दोहे क्र. – 5**
औंधाई सीसी सुलखि,बिरह विथा विलसात।
बीचहिं सूखि गुलाब गो,छीटों छुयो न गात॥

**दोहे क्र. – 6**
दीरघ सांस न लेहि दुख सुख साईहिं न भूलि।
दई दई क्यों करतु है दई दई सु कबूलि।।

# डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय,छत्रपति संभाजीनगर

**(Major-Hindi-Mandatory) Level - 5**

**DSC – 8 तृतीय सत्र**

**उपन्यास साहित्य**

श्रेयांक - 4 (सैद्धांतिक - 2 ,क्रियात्मक गतिविधि – 2)

अंक - 100 (30+20+30+20) तासिका - 30+60=90

---

**पाठ्यक्रम का उद्देश्य :**

- छात्रों को उपन्यास विधा की सैद्धांतिक और व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना।
- उपन्यासों के माध्यम से सामाजिक,राजनीतिक,ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक परिवेश को समझने की दृष्टि विकसित करना।
- छात्रों की भाषिक एवं साहित्यिक अभिव्यक्ति को सशक्त बनाना।
- छात्रों की रचनात्मकता और संवेदनशीलता का संवर्धन करना।
- छात्रों में साहित्य विशेषकर उपन्यास विधा के प्रति रुचि उत्पन्न करना और साहित्यिक अभिरुचि को प्रोत्साहित करना।

**पाठ्यक्रम के परिणाम (Course Learning Outcomes)**

- छात्र उपन्यास की कथावस्तु, शिल्प,पात्र और भाषा की संरचना को समझ सकेंगे।
- छात्र समकालीन सामाजिक और सांस्कृतिक समस्याओं की साहित्यिक प्रस्तुति को विश्लेषित कर सकेंगे।
- आपका बंटी के माध्यम से छात्र बाल मनोविज्ञान,पारिवारिक तनाव और स्त्री संघर्ष को समझ पायेंगे।
- गेशे जम्पा के ज़रिए आत्मबोध,निर्वासन और तिब्बती संस्कृति के संवेदनात्मक पक्ष से छात्र परिचित होंगे।
- संवेदनशील विषयों के ज़रिए छात्र आत्मीयता,करुणा और विवेकशीलता जैसे मूल्यों से परिचित होंगे।
- उपन्यास की भाषा,शैली, संवादों और प्रतीकों के अध्ययन से छात्रों की हिंदी भाषा पर पकड़ मज़बूत होगी।
- प्रायोगिक कार्य के माध्यम से छात्रों में शोध प्रवृत्ति और लिखित तथा मौखिक प्रस्तुति में दक्षता प्राप्त होगी।

**अध्ययन अध्यापन पद्धति :**

- व्याख्यान पद्धति।
- दृक-श्राव्य माध्यमों का प्रयोग (टेलीविजन,यूट्यूब,मोबाईल।
- स्वाध्याय।

**पाठ्यक्रम :**

| इकाई | पाठ्यांश | श्रेयांक | तासिकाएं |
|---|---|---|---|
| इकाई -1 | • उपन्यास की परिभाषा और विशेषताएँ।<br>• हिंदी उपन्यास का विकास संक्षेप में।<br>• हिंदी उपन्यास परंपरा में आपका बंटी और गेशे जम्पा का स्थान<br>**गेशे जम्पा – नीरजा माधव,सामायिक प्रकाशन,दिल्ली**<br>• परिचय व पृष्ठभूमि<br>• तिब्बती शरणार्थी जीवन, सांस्कृतिक पहचान, निर्वासन<br>• मानवतावादी दृष्टिकोण | 1 | 15 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • ऐतिहासिक और राजनैतिक पृष्ठभूमि<br>• तिब्बती जीवन–दर्शन<br>• सांस्कृतिक विमर्श और विश्व–दृष्टि | | |
| इकाई -2 | **आपका बंटी – मन्नू भंडारी,राधाकृष्ण प्रकाशन,दिल्ल्ली**<br>• परिचय व पृष्ठभूमि<br>• स्त्री–पुरुष संबंध,तलाक,बाल मनोविज्ञान<br>• स्त्री विमर्श का प्रमुख उपन्यास<br>• सामाजिक यथार्थ और मध्यवर्गीय परिवार की त्रासदी<br>• नारीवाद और संवेदनात्मक यथार्थ | 1 | 15 |
| इकाई–3 | **क्रियात्मक गतिविधि : (Practical Activite)**<br>आपका बंटी और गेशे जम्पा जैसे गंभीर और संवेदनात्मक उपन्यासों के अध्ययन को छात्रों के लिए अधिक जीवंत,अनुभवात्मक और अर्थपूर्ण बनाने के लिए सृजनात्मक (क्रियात्मक) गतिविधियाँ बहुत उपयोगी हैं। इस दृष्टि से अध्यापक छात्रों के लिए कक्षा में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करें।<br><br>• अध्यापक छात्रों को उपन्यास लेखन के पक्ष को विस्तृत रूप में सौदाहरण समझाएँ।<br>• उपन्यास का मुखर वाचन एवं कथा कथन का अभ्यास करवाएँ।<br>• प्रत्येक छात्र तथा छात्रों के विभिन्न समूह बनाकर उन्हें विशिष्ट विषय सूत्र देकर कथा प्रसंग संवाद लिखने और अभिनय करवाने का अभ्यास करवाएँ।<br>• छात्रों की विषय पर गहन सोच और दृष्टिकोण विकसित करने के लिए वाद-विवाद /समूह चर्चा का आयोजन किया जाए।<br>• छात्रों में आलोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए उनसे तत्वों के आधार पर उपन्यास की समीक्षा लिखकर लें। | 1 | 15X2=30 |
| इकाई–4 | **क्रियात्मक गतिविधि : (Practical Activite)**<br>• सर्वश्रेष्ठ समीक्षा को कक्षा में पढ़ा जाए या प्रदर्शित किया जाए।<br>• छात्र एक पत्रकार की भूमिका में किसी पात्र (बंटी,शकुंतला,गेशे जम्पा आदि) का साक्षात्कार करें।<br>• छात्र एक ऐसा दृश्य लिखें जो उपन्यास में नहीं है लेकिन जो स्वाभाविक रूप से उसमें जोड़ा जा सकता है।<br>• महाविद्यालयीन स्तर पर स्थानीय साहित्यकार एवं विशेषज्ञ को आमंत्रित कर नवलेखक कार्यशाला का आयोजन किया जाए।<br>• छात्रों से सम्बंधित विषय के विभिन्न पहलुओं को लेकर परियोजना कार्य करवाएँ। | 1 | 15X2=30 |
| | **छात्र मूल्यांकन**<br>सत्रांत पठित पाठ्यक्रम के आधार पर विविध गतिविधियों के माध्यम से छात्र की प्रस्तुति,सोच और मौलिकता को प्रमुखता देकर विशेषज्ञ परीक्षक के द्वारा अंक दिए जाए।<br>**• समीक्षा प्रस्तुति (लिखित/ऑडियो/वीडियो इनमें से एक)**<br>(भूमिका,उपन्यास का सारांश,विषयवस्तु का विश्लेषण<br>पात्रों की भूमिका,लेखकीय शैली और भाषा,छात्र के अपने निष्कर्ष 1200–1500 शब्द)<br>**• दृश्य लेखन एवं मंचन** | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (किसी एक उपन्यास के आधार पर 5-7 मिनट का नाट्य दृश्य तैयार करना छात्रों को संवाद,दृश्य-संरचना और पात्र तय करने होंगे,एक लघु रिपोर्ट भी दें: "दृश्य क्यों चुना? उद्देश्य क्या था?"<br>4–6 पृष्ठ<br>• **साहित्यिक पोस्टर/कोलाज**<br>सम्बंधित विषय सूत्र के आधार पर साहित्यिक पोस्टर /कोलाज बनाकर उसकी व्याख्या करें.<br>विषय विकल्प:<br>• **मौखिक प्रस्तुति एवं दृश्य विश्लेषण**<br>छात्रों को 3–5 मिनट में उपन्यास का एक पहलू प्रस्तुत करना होगा,छात्र उपन्यास से एक महत्वपूर्ण दृश्य चुनें और उसका विश्लेषण करें।<br>निर्धारित आवश्यक श्रेयांक प्राप्त करने के लिए छात्र को उपरोक्त विषय बिन्दुओं में से किसी एक गतिविधि को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। | | |

**संदर्भ ग्रंथ :**


1. उपन्यास का शिल्प,गोपाल राय,बिहार ग्रंथ अकादमी,पटना
2. हिन्दी उपन्यास,रामदरश मिश्र,राजकमल प्रकाशन,नई दिल्ली
3. उपन्यास स्वरूप और संवेदना,राजेन्द्र यादव,वाणी प्रकाशन,नई दिल्ली
4. हिन्दी उपन्यास का इतिहास,गोपाल राय,राजकमल प्रकाशन,नई दिल्ली


प्रो.अपर्णा पाटील
अध्यक्ष, हिंदी अध्ययन मंडल,
डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय
छत्रपति संभाजीनगर

# डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय,छत्रपति संभाजीनगर

**(Minor-Hindi) Level - 5**

**Minor - 1 तृतीय सत्र**

**हिंदी फिल्मी गीत अध्ययन**

श्रेयांक – 2 (सैद्धांतिक – 2)

अंक 50 (30+20) तासिका – 30

---

**पाठ्यक्रम का उद्देश्य :**

- हिंदी फिल्मों के गीतों की अवधारणा एवं स्वरूप का अध्ययन कराना।
- सिनेमा और साहित्य के अंतर्संबंध को समझना।
- सांस्कृतिक और सामाजिक परिप्रेक्ष्य का अध्ययन कराना।
- हिंदी फिल्मी गीतों में भारतीयता की पहचान कराना।
- इस क्षेत्र से सम्बंधित रोजगार के अवसरों का परिचय कराना।

**पाठ्यक्रम के परिणाम (Course Learning Outcomes)**

- छात्र हिंदी फिल्मी गीतों में प्रयुक्त काव्य शैलियों,अलंकारों और भावों को पहचान सकेंगे।
- छात्र यह विश्लेषण कर सकेंगे कि फिल्मी गीत भारतीय समाज,संस्कृति,राष्ट्रप्रेम और जीवनदर्शन को किस प्रकार दर्शाते हैं।
- छात्र प्रमुख गीतकारों और संगीतकारों की शैलियों और रचनात्मकता की पहचान कर सकेंगे।
- छात्र पारिवारिक,सामाजिक,देशभक्ति,जीवनदर्शन तथा स्त्री विषयक गीतों की विशेषताओं को समझ पाएंगे।
- छात्र गीतों के शब्दार्थ,सन्दर्भ,कथ्य और उद्देश्य को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत कर सकेंगे।
- छात्र उर्दू,हिंदी और लोकभाषाओं के प्रभावों को गीतों में पहचान सकेंगे।
- छात्र यह पहचान सकेंगे कि गीत किस प्रकार जनभावना और सामाजिक विचारधारा को प्रभावित करते हैं।

**अध्ययन अध्यापन पद्धति :**

- व्याख्यान पद्धति।
- दृक-श्राव्य माध्यमों का प्रयोग (टेलीविजन,यूट्यूब,मोबाईल।
- गीतकार तथा कवि से साक्षात्कार।
- छात्र गोष्ठी/सेमिनार।
- स्वाध्याय।

**पाठ्यक्रम :**

| इकाई | पाठ्यांश | श्रेयांक | तासिकाएं |
|---|---|---|---|
| इकाई–1 | **फ़िल्मी गीत : भूमिका और परिचय**<br>• हिंदी फ़िल्मी गीतों का विकास<br>• गीतों के प्रकार (प्रेम,देशभक्ति,भजन,विरह,सामाजिक आदि)<br>• हिंदी फ़िल्मी गीतों का सामाजिक सन्दर्भ<br>• प्रमुख गीतकार और उनका योगदान<br>• फ़िल्मी गीतों का जनमानस पर प्रभाव<br>**हिंदी फ़िल्मी गीतों का परिवारक पक्ष** | 1 | 15 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • तू कितनी अच्छी है – राजा और रंक (1968) गीतकार आनंद बक्षी<br>• बहना ने भाई की कलाई पर प्यार –रेशम की डोरी (1974) गीतकार शैलेन्द्र<br>• बाबुल जो तुमने सिखाया – हम आपके है कौन (1994) गीतकार रविन्द्र रावल<br>• ओ धरती तरसे अम्बर बरसे – बागबान (2003) गीतकार समीर<br>**हिंदी फ़िल्मी गीतों का सामाजिक पक्ष**<br>• राम रहीम कृष्ण करीम – मेहमान (1973) गीतकार साहिर लुधियानवी<br>• पैसा बोलता है – कला बाजार (1991) गीतकार पयाम सईदी<br>• कितने अजीब रिश्तें है – पेज 3 (2005) संदीप नाथ<br>• कहब तो लग जाई धक् से – आर्टिकल 15 (2019) गीतकार शकील आज़मी | | |
| इकाई -2 | **हिंदी फ़िल्मी गीतों का स्त्री विषयक पक्ष**<br>• न कटूँगी न जलूँगी – अस्तित्व (2010) गीतकार श्रीरंग गोडबोले<br>• मुझे क्या बेचेगा रुपैया – सत्यमेव जयते (टी.वी.शो 2012) गीतकार स्वानंद किरकिरे<br>• आज से अब से आन मेरी मैं – मर्दानी (2014) गीतकार कौसर मुनीर<br>• जीते हैं चल – नीरजा (2016) गीतकार प्रसून जोशी<br>**हिंदी फ़िल्मी गीतों का राष्ट्रीय पक्ष**<br>• हम लाये है तूफान से कश्ती निकल के – जागृति (1954) गीतकार प्रदीप<br>• हमने सुना था एक है भारत,सब मुल्कों से एक है भारत – दीदी (1959) गीतकार साहिर लुधियानवी<br>• संदेशे आते है – बॉर्डर (1997) गीतकार जावेद अख्तर<br>• तेरी मिट्टी में मिल जांवा –केसरी (2019) गीतकार मनोज मुन्तशीर<br>**हिंदी फ़िल्मी गीतों का जीवन दर्शन विषयक पक्ष**<br>• किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार – आनाडी (1959) गीतकार शैलेन्द्र<br>• एक प्यार का नगमा है – शोर(1972) गीतकार संतोष आनंद<br>• जिंदगी के सफ़र में गुजर जाते है जो मक़ाम – आपकी कसम (1974) गीतकार आनंद बक्षी<br>• मै पल दो पल का शायर हूँ – कभी कभी (1976) गीतकार साहिर लुधियानवी | 1 | 15 |
| | **अध्यापन सम्बन्धी कुछ आवश्यक निर्देश**<br>अध्यापक पाठ्यांश को पढ़ाते समय प्रत्येक पक्ष के विषय को छात्रों को विस्तार से समझाएँ। गीत को पढ़ाने से पहले सम्बंधित फिल्म का विषय,उसकी प्रासंगिकता,गीतकार,संगीतकार एवं गीत की विशेषताओं का विश्लेषण करें।उस पक्ष के अन्य गीतों के साथ संदर्भ लगाकर गीत के भाव को समझाएँ।<br>• अध्यापक विविध प्रकार के विषयों के अनुसार छात्रों से गीत लेखन का कार्य करा सकते है।<br>• स्थानीय गीतकारों को आमंत्रित कर या उनके पास जाकर उनका साक्षात्कार ले सकते हैं।<br>• विभाग तथा महाविद्यालय में गीत गायन स्पर्धा एवं गीत लेखन की कार्यशालाओं का आयोजन किया जा सकता है। | | |

**संदर्भ ग्रंथ :**


1 हिंदी फिल्मों के गीतकार,अनिल भार्गव,सिने साहित्य प्रकाशन
2 फिल्मी गीतों का सफर,नवीन शर्मा,नोशन प्रेस
3 हिंदी सिनेमा के गीतकार,जावेद हामिद,अतुल्य पब्लिकेशन
4 हिंदी फिल्म गीत कोश,हर मंदिर सिंह हमराज,हमराज पब्लिशर
5 हिंदी फिल्मों में साहित्यिक गीत और गीतकार,प्रमिला त्रिवेदी मिश्,इंडिया नेट बुक्स

6 हिंदी सिनेमा का सामाजिक संदर्भ,डॉ भारती एन.,लोकवाणी समष्ठान
7 गीत फिल्मी है,लेकीन,डॉ. सुनील देवधर,भावना प्रकाशन,दिल्ली
8 बड़े अनमोल गीतों के बोल,डॉ.सुनील देवधर,बुकमार्क पब्लिकेशन,पुणे
9 तू कितनी अच्छी है https://www.saregama.com/song-lyrics/tu-kitni-achhi-hai_7108
10 बहना ने भाई के कलाई पर https://lyricsindia.net/songs/520
11 बाबुल जो तुमने सिखाया..https://beta.lyricsindia.net/songs/1933
12 धरती तरसेhttps://hindi.lyricsgram.com/song/o-dharti-tarse-4116
13 मुझे क्या बेचेगा रुपैया https://geetmanjusha.com/lyrics/23085-mujhe-kya-bechega-rupaiya
14 राम रहीम कृष्णा करीम यीशु https://sahir-ludhianvi.blogspot.com/2012/03/1973-ram-rahim-krishn-karim-yeshu.html?m=1
15 पैसा बोलता है https://www.hindigeetmala.net/song/ye_paisa_bolta_hai.htm
16 कितने अजीब..https://www.hinditracks.in/kitne-ajeeb-rishte-hai-yaha-pe-lyrics
17 कहब तो लग जाई https://www.reddit.com/r/Bhojpuriyas/comments/1f9ooi1/socialist_kavita_kahab_ta_lag_jayi_dhak_se/?rdt=52622
18 जीते है http://hindilyricspratik.blogspot.com/2018/03/jeete-hain-chal-kavita-seth-neerja.html?m=1#gsc.tab=0
19 मर्दानी https://www.hinditracks.in/mardaani-anthem-song-lyrics-in-hindi
20 मैं थी मैं हूं https://thesongpedia.com/main-thi-main-hoon-astitva/
21 तेरी मिट्टी में https://www.lyricsboutique.com/2020/04/teri-mitti-song-lyrics-from-movie-kesari.html?m=1
22 हमने सुना था एक है भारत https://www.amarujala.com/kavya/urdu-adab/sahir-ludhianvi-famous-geet-humne-suna-tha-ek-hai-bhaarat
23 संदेशे आते हैं https://www.amarujala.com/kavya/mere-azeez-filmi-nagme/sandeshe-aate-hain-hum
24 किसी की मुस्कुराहटों पर हो निसार https://www.amarujala.com/kavya/kavita/lyricist-shailendra-song-kisi-ki-muskurahaton-pe-ho-nisar
25 एक प्यार का नगमा हैं https://www.hinditracks.in/ek-pyar-ka-nagma-hai-hindi-lyrics-mukesh-lata
26 मै पल दो पल सा शायर हूँ https://lyricsindia.net/songs/2311
27 जिंदगी के सफ़र में https://geetmanjusha.com/lyrics/195-zindagi

प्रो.अपर्णा पाटील
अध्यक्ष, हिंदी अध्ययन मंडल,
डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय
छत्रपति संभाजीनगर

# डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय,छत्रपति संभाजीनगर

**(Minor-Hindi) Level - 5**

**Minor - 2 तृतीय सत्र**

**साहित्य विविधा**

श्रेयांक - 2 (सैद्धांतिक -2)

अंक 50 (30+20) तासिका - 30

---

**पाठ्यक्रम का उद्देश्य:**

- हिंदी की विविध विधाओं की अवधारणा एवं स्वरूप का अध्ययन कराना ।
- विविध विधाओं के माध्यम से छात्रों में भारतीयता की पहचान कराना ।
- विविध विधाओं की रचनाओं के माध्यम् से भारतीय संस्कृति का अध्ययन कराना ।
- मनोरंजन के साथ ही रोजगार के विविध अवसरों का परिचय कराना ।

**पाठ्यक्रम के परिणाम (Course Learning Outcomes)**

- छात्र विभिन्न साहित्यिक विधाओं जैसे – कविता,कहानी,व्यंग्य,एकांकी,यात्रा वर्णन,निबंध आदि की पहचान करने एवं उनके स्वरूप को समझने में सक्षम होंगे।
- छात्र प्रत्येक विधा की विशेषताओं,शैलियों एवं संरचनात्मक तत्वों का विश्लेषण करने की क्षमता प्राप्त करेंगे।
- छात्र साहित्यिक रचनाओं का समीक्षात्मक अध्ययन कर सकेंगे तथा उनमें निहित सामाजिक,सांस्कृतिक एवं मानवीय मूल्यों को समझ सकेंगे।
- छात्रों की भाषा,अभिव्यक्ति एवं विश्लेषणात्मक क्षमता में वृद्धि होगी,जिससे वे साहित्य को अधिक प्रभावशाली ढंग से समझ सकेंगे।

**अध्ययन अध्यापन पद्धति :**

- व्याख्यान पद्धति।
- दृक–श्राव्य माध्यमों का प्रयोग (टेलीविजन,यूट्यूब,मोबाईल।
- साहित्यकारों का साक्षात्कार।
- स्वाध्याय।

**पाठ्यक्रम :**

| इकाई | पाठयांश | श्रेयांक | तासिकाएं |
|---|---|---|---|
| इकाई- 1 | • कविता – जो मेरे घर कभी नहीं आएंगे – विनोद कुमार शुक्ल<br>• ग़ज़ल – अब तो मज़हब कोई ऐसा भी चलाया जाए– गोपालदास नीरज<br>• हास्य दोहे – हो जाए इसी बहाने एक श्रद्धांजलि – लतीफ घोंघी<br>• व्यंग्य – सदाचार का ताबीज– हरिशंकर परसाई<br>• रेखाचित्र – रजिया – रामवृक्ष बेनीपुरी<br>• संस्मरण – मेरी मां ने मुझे प्रेमचंद का भक्त बनाया – मुक्तिबोध | 1 | 15 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| इकाई– 2 | • आत्मकथा अंश – अग्नि की उड़ान – ए.पी.जे. अब्दुल कलाम<br>• यात्रा वृतांत – आस्था और रोमांच की यात्रा – पवन चौहान<br>• पर्यावरण – हमारे जीवन में वनों का महत्व – कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी<br>• निबंध – साहित्य जनसमूह के हृदय का विकास है – बालकृष्ण भट्ट<br>• कहानी – नेलकटर – उदयप्रकाश<br>• एकांकी – सुखी डाली – उपेन्द्रनाथ अश्क | 1 | 15 |

**पाठ्य पुस्तक :** साहित्य विविधा : संपादक .हिंदी अध्ययन मंडल, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, छत्रपति संभाजीनगर

**संदर्भ ग्रंथ :**


1. हिंदी साहित्य का गद्य–सर्जना,डॉ. सुनील विक्रम सिंह,नमन प्रकाशन,दिल्ली
2. हिंदी गद्य की विविध विधाओं का सामान्य परिचय,डॉ.लीलाराम,बुक आर्केड
3. साहित्य में गद्य की नई विविध विधाएं,डॉ. कैलाशचंद्र भाटिया,तक्षशिला प्रकाशन,नई दिल्ली
4. हिंदी गद्य साहित्य की विविध विधाएं,डॉ.कुमारी उर्वशी,हिंदी बुक सेंटर,दिल्ली
5. हिंदी साहित्य का इतिहास,डॉ.नगेन्द्र,नेशनल पब्लिशिंग कंपनी,नई दिल्ली
6. हिंदी साहित्य का इतिहास,आ.रामचंद्र शुक्ल,वाणी प्रकाशन,नई दिल्ली



प्रो.अपर्णा पाटील
अध्यक्ष, हिंदी अध्ययन मंडल,
डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय
छत्रपति संभाजीनगर

# डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय,छत्रपति संभाजीनगर

**(Generic/OE-Hindi) Level - 5**

**Generic/OE – 3 तृतीय सत्र**

**हिंदी व्यंग्य साहित्य**

श्रेयांक - 2 (सैद्धांतिक -2)

अंक - 50 (30+20) तासिका - 30

---

**पाठ्यक्रम का उद्देश्य :**

- व्यंग्य की अवधारणा एवं स्वरूप का अध्ययन कराना।
- हिंदी व्यंग्य साहित्य (विधा) से छात्रों को अवगत कराना।
- व्यंग्य साहित्य के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों से परिचित कराना।
- व्यंग्य के जरिए सामाजिक जागृति कराना।
- हिंदी व्यंग्य साहित्यकारों एवं परंपरा की पहचान कराना।

**पाठ्यक्रम के परिणाम (Course Learning Outcomes)**

- छात्र हिंदी की अहम विधा व्यंग्य को समझेंगे।
- छात्र व्यंग्य साहित्य के योगदान को समझेंगे।
